स्मारक डाक टिकटों का जारी किया जाना

480. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान तथा 31 अगस्त, 1991 तक किन-किन व्यक्तियों के सम्मान में स्मारक डाक टिकटें जारी की गई हैं ;

(ख) ये स्मारक डाक टिकट किस-किस तारीख और वर्ष में जारी किये गये थे ; और

(ग) सम्मानित व्यक्तियों के सम्मान में जारी किये गये डाक टिकटों के अतिरिक्त जारी किये गये डाक टिकटों का उनके जारी किये जाने की तारीखें सहित ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगया नायडू) : (क) और (ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान तथा 31 अगस्त, 1991 तक जिन विशिष्ट व्यक्तियों के सम्मान में स्मारक डाक टिकट जारी किये गये हैं, डाक टिकट जारी करने की तारीख सहित उनकी सूची अनुबन्ध--"क" में दी गई है।

[देखिए परिशिष्ट 160, अनुपत्र संख्या 23]

(ग) अन्य डाक टिकटों की सूची अनुबन्ध "ख" में दी गई है।

[देखिए परिशिष्ट 160, अनुपत्र संख्या 24]

इलाहाबाद में यमुना नदी पर सड़क पुल का निर्माण

481. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री 17 जुलाई, 1991 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न संख्या 75 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नी, इलाहाबाद में यमुना नदी पर सड़क पुल का निर्माण किये जाने की परियोजना की तैयारी से संबंधित कार्य किस चरण में हैं और

(ख) इस पुल के निर्माण पर कुल कितना व्यय किए जाने की संभावना है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) दिनांक 17-7-91 के मौखिक प्रश्न संख्या 75 के उत्तर में पहले ही स्पष्ट की गयी स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

(ख) इस परियोजना के निर्माण पर लगभग कुल 7940 लाख रु. खर्च होने की संभावना है।

श्री रामधारी सिंह दिनकर के सम्मान में स्मारक डाक टिकट का जारी किया जाना

482. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्र कवि श्री रामधारी सिंह दिनकर के सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) क्या स्मारक डाक टिकट सितम्बर, 1991 के अन्तिम सप्ताह में पड़ने वाले उनके जन्म दिन पर जारी किया जायेगा ; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगया नायडू) : (क) और (ख) जी हां, श्री दिनकर पर एक डाक टिकट जारी करने का प्रस्ताव फिलटलिक सलाहकार समिति के विचारार्थ उनकी अगली बैठक में रखा जाना है, जो ऐसे मामलों में सरकार को परामर्श देती है।

इस मामले में कार्यवाई करने के लिये समय अत्यन्त कम होने के कारण सितम्बर 1991 में डाक टिकट जारी करना संभव प्रतीत नहीं होता है।